हुरुन लिस्ट • अपने बूते अरबपति बनने वाली महिलाओं के मामले में चीन का दबदबा; महिला अरबपतियों की औसत उम्र 61, यह पुरुष अरबपतियों से 5 साल कम

सेल्फ मेड अरबपति महिलाएं 10 साल में दोगुनी हुईं, 3 वर्ष में संपत्ति 52% बढ़कर 44 लाख करोड़

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

खुद के बूते अरबपति बनने वाली महिलाएं 10 साल में दोगुनी होकर 150 हो गई हैं। इनमें 60 नए चेहरे हैं। हुरुन रिपोर्ट के मुताबिक, इनकी कुल संपत्ति तीन साल में 52% बढ़कर 44 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। लिस्ट में भारत से सिर्फ तीन महिलाएं हैं, जिनमें जोहो की राधा वेम्बु, नायका की फाल्गुनी नायर और बायोकॉन की किरण मजूमदार-शॉ का नाम है। दिलचस्प है कि दुनिया की टॉप-10 अमीर महिलाओं में से 7 चीन और 3 अमेरिका से हैं। सेल्फ मेड अरबपति के टॉप 10 में भारत की एक भी महिला उद्यमी जगह नहीं बना पाई।

राधा वेम्बू ₹63,723 करोड़ संपत्ति के साथ सबसे अमीर सेल्फ मेड अरबपति

- देश में खुद के बूते अरबपति बनने के मामले में जोहो को-फाउंडर राधा वेम्बू आगे। संपत्ति 63,723 करोड़।



- मुंबई की ब्यूटी कंपनी नायका की फाल्गुनी नायर ने 43,107 करोड़ रुपए की संपत्ति जोड़ी है।



- बेंगलुरु की दवा निर्माता कंपनी बायोकॉन की किरण मजूमदार शॉ के पास 31,861 करोड़ की संपत्ति।

रोशनी नाडार 3 लाख करोड़ संपत्ति के साथ आठवीं सबसे अमीर महिला

रैंक	नाम	संपत्ति	देश
1	एलिस वाल्टन	11.15	अमेरिका
2	जूलिया कोच	9.00	अमेरिका
3	फ्रांस्वा बेटनकोर्ट मेयर्स	8.53	फ्रांस
4	जैकलीन मार्स	5.25	अमेरिका
5	आइरिस फोंटबोना	4.50	चिली
6	एबीगैल जॉनसन	4.12	अमेरिका
7	मरियम एडेलसन	3.56	अमेरिका
8	रोशनी नाडार मल्होत्रा	3.37	भारत
9	ऐलेन मार्शल	3.19	अमेरिका
10	मर्लिन सिमन्स	2.91	अमेरिका

संपत्ति लाख करोड़ रुपए में।

कुल महिला अरबपतियों में चीन की हिस्सेदारी 52%

देश	महिलाएं	हिस्सेदारी
चीन	78	52%
अमेरिका	40	27%
यूके	5	3%
भारत	3	2%
अन्य देश	24	16%



13 महिला अरबपतियों के साथ चीन का शेंजेन दुनिया की 'सेल्फ-मेड वुमन बिलियनेयर राजधानी' है। फिर शंघाई (10), बीजिंग (9) और हांगझोऊ (8) हैं। टॉप-5 में सैन फ्रांसिस्को ही एकमात्र ऐसा शहर है जो चीन से बाहर है।

10 महिलाएं 40 साल से भी कम उम्र की हैं। काइली जेनर (28 साल) सबसे युवा अरबपति हैं।

40 % ने कंपनी शुरू नहीं की, शुरुआत से जुड़कर बड़ा बनाया।

62 फीसदी सामान बनाती हैं, जबकि 38% सॉफ्टवेयर सर्विसेज बेचती हैं।

एआईः इस सेक्टर से चार नाम, एंथ्रोपिक की डेनिएला से लेकर मीरा मुराती शामिल

1. डेनिएला अमोदेईः ये एंथ्रोपिक की को-फाउंडर और प्रेसिडेंट हैं। उम्र 38 वर्ष है। इनकी संपत्ति 3.7 अरब डॉलर है।
2. लुसी गुओः 31 साल की युवा उद्यमी लुसी गुओ ने स्नैपचैट से सफर शुरू किया। स्केल एआई की को-फाउंडर हैं, जो एआई मॉडल को ट्रेन करने का काम करती है। इनकी संपत्ति 1.3 अरब डॉलर है।
3. लिसा सु (एएमडी)ः 1.2 अरब डॉलर की संपत्ति। एएमडी की सीईओ हैं। एआई रिवॉल्यूशन को चलाने वाले हार्डवेयर और चिप्स के निर्माण में कंपनी ग्लोबल लीडर।
4. मीरा मुरातीः 1.2 अरब डॉलर की संपत्ति है। ओपनएआई की पूर्व सीटीओ रह चुकी हैं। 37 वर्षीय मीरा मुराती ने हाल ही में थिंकिंग मशीन्स लैब की स्थापना की, जिससे एआई क्षेत्र में उनकी पकड़ और मजबूत हुई है।

तैयारी • देश में 42 कंपनियां लाएंगी ड्रग, 5 हजार करोड़ का मार्केट खुला

वजन घटाने वाली दवा का पेटेंट खत्म घरेलू फर्म 75% तक सस्ती दवाएं लाएंगी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

दुनिया की सबसे चर्चित वजन घटाने वाली दवा 'ओजेम्पिक' का पेटेंट शुक्रवार को भारत में खत्म हो गया। इसे देश में मोटापे, मधुमेह की दवाओं में नए जेनेरिक युग के तौर पर देखा जा रहा है। नैटको और सन फार्मा जैसी एक दर्जन घरेलू दवा कंपनियां ओजेम्पिक और विगोवी की सस्ती जेनेरिक कॉपी बाजार में ला रही हैं। इससे 10,000 रुपए की मासिक डोज की कीमत घटकर 1,290 रुपए पर आ सकती है। सिस्टेमैटिक्स इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज का अनुमान है कि सेमाग्लूटाइड के पेटेंट खत्म होने से अगले 12-15 महीनों में जेनेरिक कंपनियों के लिए 5 हजार करोड़ से ज्यादा का इंक्रीमेंटल रेवेन्यू अनलॉक हो सकता है। जेफरीज ने इसे भारत के लिए 'मैजिक पिल मोमेंट' बताया है। अनुमान है कि भारत का वजन घटाने का बाजार मौजूदा 4,680 करोड़ रुपए से बढ़कर 9,330 करोड़ पहुंच सकता है। बाजार पर कब्जा जमाने के लिए कंपनियों ने हाथ मिलाना शुरू कर दिया है। जायडस लाइफसाइंसेस ने ल्यूपिन और टॉरेंट फार्मा के साथ लाइसेंसिंग समझौता किया है। एरिस लाइफसाइंसेस ने नैटको फार्मा के साथ मार्केटिंग करार किया है।

भास्कर रिसर्च 25 लाख करोड़ के 'वेट-लॉस' मार्केट में बड़े मौके

- **दुनिया का बाजार कितना बड़ा है यह खेल?** ओजेम्पिक और विगोवी दोनों दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली प्रिस्क्रिप्शन दवा है, जिसकी संयुक्त बिक्री 2024 में 2.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रही। यह सालाना 40% की दर से बढ़ रही है। बीसीसी की रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 तक वैश्विक बाजार करीब 25 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है।

- **भारत का बाजार कितना बड़ा है?** बीते साल नवंबर तक वजन घटाने वाली दवा का बाजार ₹1,109 करोड़ का था, जिसमें सेमाग्लूटाइड आधारित दवाओं की हिस्सेदारी 427 करोड़ थी। ग्रांड व्यू रिसर्च के मुताबिक 2025-30 के बीच 34.3% की सालाना ग्रोथ से बढ़ने का अनुमान है।
- **क्या ये कंपनियां विदेश में भी बेच सकेंगी?** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिसंबर 2025 में सन फार्मा को सेमाग्लूटाइड-आधारित दवाओं को उन देशों में निर्यात करने की अनुमति दी, जहां नोवा नॉर्डिस्क का पेटेंट नहीं है। हालांकि भारत में मार्च 2026 तक बिक्री पर रोक है। डॉ. रेड्डीज को भी दिल्ली हाईकोर्ट ने गैर-पेटेंट देशों में सेमाग्लूटाइड निर्यात की इजाजत दी।
- **इस जंग में बाकी देशों में क्या चल रहा है?** भारत अकेला नहीं है। सेमाग्लूटाइड का पेटेंट भारत, कनाडा, चीन, ब्राजील और तुर्किए में 2026 में खत्म होगा। ये देश मिलकर दुनिया की 40% आबादी और मोटापे से पीड़ित वयस्कों की अनुमानित 33% आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ब्राजील के नियामक के पास कम से कम 4 जेनेरिक सेमाग्लूटाइड के लाइसेंस आवेदन आए हैं। चीन में कम से कम 11 क्लीनिकल ट्रायल जेनेरिक सेमाग्लूटाइड के लिए चल रहे हैं। लेकिन सबसे मुनाफेदार बाजार अमेरिका में इन दवाओं के जेनरिक 2032 से पहले उपलब्ध नहीं होंगे। इससे नोवा नार्डिस्क मार्च 2026 से दिसंबर 2031 के बीच अनुमानित 15.5 लाख करोड़ रुपए कमाएगी।

भारतीय कंपनियां सिर्फ दवा नहीं ला रहीं, इनोवेटिव डिवाइस बनाने में भी आगे

मार्केट डेटा फर्म 'फामरैक' की रिसर्चर शीतल सापाले ने ब्लूमबर्ग को बताया, इस साल 42 दवा निर्माता 50 से अधिक नामों के साथ इस बाजार में उतरने वाले हैं। कनाडा में इस दवा का पेटेंट जनवरी में खत्म हुआ है, लेकिन वहां अब तक किसी जेनेरिक दवा को मंजूरी नहीं मिली है। इस तरह भारत दुनिया का पहला बड़ा बाजार बन गया है। कंपनियां सिंगल-यूज प्री-फिल्ड सिरिंज, सिंगल-शॉट पेन इंजेक्टर और शीशियां उतार रही हैं। अगर मरीज किसी एक डिवाइस का आदी हो जाए, तो वह उसे जल्दी नहीं बदलता। कंपनियों के लिए डिलीवरी सिस्टम, उनकी साख ही सबसे बड़े हथियार होंगे।

टीएन नटराजन बने सेल के वाणिज्य निदेशक

एजेंसी, नई दिल्ली | टीएन नटराजन ने सरकारी क्षेत्र की दिग्गज स्टील कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वाणिज्यिक) का पदभार संभाल लिया है। सेल की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार स्टील उत्पादन, लॉजिस्टिक्स और विक्रय के क्षेत्र में 32 वर्षों से अधिक के कार्य के अपने अनुभव के साथ नटराजन ने गुरुवार को यह जिम्मेदारी संभाली। वह वर्ष 1993 में एक 'प्रबंधन प्रशिक्षु' के रूप में सेल में शामिल हुए और विनिर्माण परिचालन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और रणनीतिक विपणन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभायी। उन्होंने सेल के मार्केटिंग विभाग के वस्तु विक्रय केन्द्रित दृष्टिकोण को से बदलकर समाधान-उन्मुख जुड़ाव में बदलने में अहम भूमिका निभाई है, जिसमें नवीन और ग्राहक-केंद्रित सेवा मॉडल की स्थापना शामिल है।

हमारा विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे हफ्ते घटा

मुंबई | देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 मार्च को समाप्त सप्ताह में 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले सप्ताह भी भंडार में 11.68 अरब डॉलर की गिरावट देखी गई थी। फरवरी में 725.7 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर था। वजह विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 7.6 अरब डॉलर घटकर 555.5 अरब डॉलर रह गईं।

जोमैटो ने 6 माह में दूसरी बार बढ़ाई प्लेटफॉर्म फीस

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

फूड-डिलीवरी दिग्गज एटर्नल (पूर्व में जोमैटो) ने छह माह में दूसरी बार प्लेटफॉर्म फीस में इजाफा किया है। इससे प्लेटफॉर्म फीस 12.5 रुपए से बढ़कर 14.9 रुपए प्रति ऑर्डर पहुंच गई है। यानी 19% का इजाफा किया है। साल 2023 में यह फीस महज 2 रुपए से शुरू हुई थी, जो अब तक 7 गुना बढ़ चुकी है। स्विगी भी प्लेटफॉर्म फीस 14 रुपए प्रति ऑर्डर कर चुकी है। विशेषज्ञों के मुताबिक धीरे-धीरे की जाने वाली इन बढ़ोतरी का ग्राहकों पर बड़ा असर नहीं दिख रहा है।

'सब शुभ होगा' अभियान के साथ एमएस धोनी जुड़े, नया टीवीसी लॉन्च

इंदौर/मुंबई | पूजा उत्पाद ब्रांड ज़ेड ब्लैक ने क्रिकेटर एमएस धोनी के साथ 'सब शुभ होगा' अभियान की शुरुआत करते हुए नया टीवी कमर्शियल लॉन्च किया है। यह अभियान चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से देशभर में शुरू किया गया है। इस पहल के तहत ज़ेड ब्लैक ने समर्पण शुद्ध कपूर और भीमसेनी कपूर की नई श्रृंखला पेश की है। टीवीसी में धोनी एक नैरेटर के रूप में नजर आते हैं, जहां आम लोगों के जीवन के जरिए सकारात्मकता और बेहतर भविष्य की उम्मीद का संदेश दिया गया है। कंपनी के अनुसार, यह अभियान पूजा सामग्री के बढ़ते बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने और अगरबत्ती से आगे उत्पाद पोर्टफोलियो विस्तार की रणनीति का हिस्सा है। निदेशक अंकित अग्रवाल ने बताया 'सब शुभ होगा' के जरिए हम एक ऐसी भावना को सामने लाना चाहते थे, जिसकी जड़ें आस्था, सकारात्मकता और इस विश्वास में हैं कि हर सच्ची प्रार्थना उम्मीद लेकर आती है।

न्यू टैक्स रिजीम में मील कूपन और कार पर भी मिलेगी छूट

मंजूरी • नए टैक्स नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू

बिजनेस संवाददाता,नई दिल्ली | सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए आयकर नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इससे नया टैक्स रिजीम और आकर्षक हो गया है। इस व्यवस्था में बेसिक छूट सीमा बढ़ाई गई है और सैलरीड कर्मचारियों को मील वाउचर, कंपनी कार और अन्य नॉन-कैश बेनिफिट्स पर टैक्स राहत मिलेगी, हालांकि एचआरए, 80सी और 80डी जैसे पारंपरिक डिडक्शन का लाभ नहीं मिलेगा। नए नियमों के तहत 75,000 रुपए का स्टैंडर्ड डिडक्शन जारी रहेगा, जबकि एनपीएस में नियोक्ता के योगदान (14% तक) पर टैक्स छूट मिलेगी। गिफ्ट्स पर छूट सीमा 5 हजार से बढ़ाकर 15,000 रुपए कर दी गई है और कुछ मामलों में होम लोन ब्याज, फैमिली पेंशन व अग्निवीर फंड योगदान पर भी राहत दी गई है, जिससे न्यू टैक्स रिजीम को ज्यादा आकर्षक हो गई है।

कार खर्च पर टैक्स में छूट • यदि कर्मचारी की अपनी कार है लेकिन उपयोग ऑफिस और निजी दोनों कामों के लिए है। खर्च कंपनी उठा रही है, तो टैक्स गणना...
- 1.6 लीटर तक का इंजनः कंपनी द्वारा किए खर्च में से 5,000 प्रति माह घटा दिए जाएंगे (ड्राइवर होने पर ₹3,000 अतिरिक्त घटेंगे)।
- 1.6 ली+ इंजनः 7,000 प्रति माह कटौती मिलेगी। ड्राइवर के लिए ₹3,000 अतिरिक्त घटेंगे)।

जबलपुर बाजार भाव



सराफा

(चतुर्वेदी जैम्स एंड ज्वेलर्स, श्याम टॉकीज मालवीय चौक) मोबाइल नं.- 9425324627 (सराफा एसोसिएशन द्वारा अनुमोदित रेट) शुद्ध सोना 24 कैरट 1,52,400 रुपये प्रति 10 ग्राम, (जीएसटी सहित), शुद्ध चांदी 2,43,000 रुपये प्रति किग्रा (जीएसटी सहित)।

सूखा मेवा

केएच ट्रेडर्स - मुकदमगंज (फोन 9893595566) बादाम मामरा 3300, बादाम बोल्ड 850, कैलिफ़ोर्निया 800, काजू साबूत 900-950, काजू टुकड़ी 790, मुनक्का 600, किशमिश बेस्ट 480, कंधारी 520, काली किशमिश 520, पिस्ता नमकीन 1000, पिस्ता सादा 2250, अंजीर 800- 1000, अखरोट कागजी 800, अखरोट गिरी 1000-1200, चिरोंजी अचार 1600, खारक 150-200, केसर ऊंची 250gm, खसखस 1600, मखाना 900-1200, लाल खजूर 100, आलू खजूर 140, खजूर कीमिया 160, खुरमानी 400, नारियल गोला 400, नारियल कटोरी 300, नारियल लच्छा 280, नारियल बुरा 270, मिश्री क्रिस्टल 60, तरबूज मगज़ 500, चिलगोजा 5100, चिलगोजा गिरी 7300, रोस्टेड काजू 1000, रोस्टेड बादाम 900, जीरा काका 290, मिर्ची - दांडी तेजा-220, फुलकट 260, हल्दी निजामाबाद 200, सांगली 220, नागपुरी 260, चीया/पंपकिन/सनफ्लावर 500/600/400, मूंगफली दाना सफेद 140, लाल 200, इलायची 3200, डोडा इलायची बेस्ट 2200, मी.1800, लॉन्ग बेस्ट 850 रुपए।

तेल बाजार

पुरुषोत्तम साहू, निवाड़गंज, (फोन 6260202808) सोयाबीन 15 किलो 2560-2600, 13 किलो 2360-2400, सनफ्लावर तेल 13 किलो 2500-2525, मूंगफली तेल 15 किलो 2900-2950, मूंगफली 15 लीटर 2700-2750, डालडा वनस्पति 1 लीटर 120-160, नारियल तेल प्रति लीटर 700-720, महाकोष 15 किलो 2600, 13 किलो 2400 रुपए। शक्कर : 45-46, गुड 60-70 रुपए प्रति किलो।

अनाज प्रति किलो

पुरुषोत्तम साहू, निवाड़गंज, (फोन 6260202808) गेहूं हल्का-29-31. गेहूं मीडियम 33-36 ऊंचा- 38-40, गेहूं सुजाता 37-38, लोकमन 30-32, गेहूं शरबती 40-42, चावल 34-36, चावल मीडियम 40-50, चावल ऊंचा 60-70, कनकी 28-32, खंडा 36-40, बोल्ड खंडा 42-44, बासमती कनकी 32-36, बासमती खंडा 40-45, बासमती बोल्ड खंडा 48-55 रुपए रहे।

आम सूचना का खण्डन

दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 15.03.2026 को अधिवक्ता श्री प्रदीप मिश्रा द्वारा अपनी पक्षकारा श्रीमति स्वेता टंडन की ओर से प्रकाशित आम सूचना का खण्डन मेरे पक्षकार श्री आशीष टंडन द्वारा किया जा रहा है, उपरोक्त आम सूचना पूर्णतः असत्य एवं भ्रामक है उपरोक्त सूचना मे वर्णित संपत्ति सुभाष नगर वार्ड नेपियर टाउन स्थित नगर निगम म. नं. 743 कुल रकबा 2167.62 वर्गफुट संयुक्त हिन्दु परिवार की संपत्ति नहीं है उक्त संपत्ति के एक मात्र मालिक स्वामी मेरे पक्षकार के पिता स्व. हरदीप टंडन थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल मे स्वेच्छा से अपनी पुत्रवधु स्वेता टंडन से परेशान एवं प्रताड़ित होकर एवं उसे अपने पति का हिस्सा पूर्व में प्राप्त हो जाने के कारण मेरे पक्षकार के पक्ष मे गवाहो के समक्ष वसीयतनामा का निष्पादन किया गया था जिसके आधार पर मेरे पक्षकार द्वारा राजस्व अभिलेखों में भी अपना नाम दर्ज करा लिया है तभी से उक्त सम्बंध में सभी को जानकारी है और मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति पर मालिक स्वामी की हैसियत से काबिज है, पूर्व में स्वेता टंडन द्वारा मेरे पक्षकार के माता पिता को परेशान एवं प्रताड़ित किया जाता रहा इसलिये मेरे पक्षकार की मां के द्वारा भी मेरे पक्षकार के पक्ष में अपनी संपत्ति की वसीयत निष्पादित की गयी है उक्त जानकारी लगने के पश्चात से श्रीमति श्वेता टंडन मेरे पक्षकार से द्वेश भावना रखती है एवं उनके द्वारा वर्तमान में मेरे पक्षकार एवं उसी पत्नी व बच्चों को अनावश्यक परेशान एवं प्रताड़ित एवं वाद विवाद किया जा रहा है जिसके संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त की शिकायत कर कार्यवाही शुरू कर दी गयी है, अतः प्रकाशित उक्त आम सूचना से कोई भी व्यक्ति, संस्था विभाग भ्रमित न हो।

दि.-20/03/2026
महेन्द्र सिंह कौरव
(एडवोकेट मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय)
1357, राईट टाउन, जबलपुर (म.प्र.)
मो.- 9424392346
TIMES 3952

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सपन जैन, सत्यम जैन दोनों के पिता स्व. सुरेन्द्र कुमार जैन निवासी अधारताल जबलपुर की संपत्ति मौजा बैतला नं.बं. 52 प.ह. नं. 22 के खसरा नं. 151/16 का रकवा 0.321 हेक्टेयर में से प्लाट नं. 37/2 रकवा 1500 वर्गफुट जिसकी चौहद्दी उत्तर में- राय साहब का मकान, दक्षिण में- साईड रोड, पूर्व में - बहादुर चक्रवर्ती का मकान तथा पश्चिम में- के.के.पानीकर का मकान स्थित है। यह संपत्ति श्रीमति श्वेता सिंघई जैन, सपन जैन एवं सत्यम जैन के पिता स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार जैन की मृत्यु के उपरांत तीनों को वारसान हक में प्राप्त हुई है जिसमें से श्वेता सिंघई जैन द्वारा रजिस्टर्ड हक त्याग विलेख दिनांक 08.03.2024 के तहत मेरे पक्षकार को प्राप्त हो चुकी है। यह कि उपरोक्त संपत्ति स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार जैन पिता शिखर चंद जैन द्वारा रघुनाथ सिंह बल्द छिदामी लाल राठौर वगैरह से दिनांक 04.07.1981 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा क्रय की गई थी, जिसमें विक्रय पत्र की संपत्ति के विवरण में खसरा नं. 152/1 तथा संलग्न नक्शे में 151/12 लेख है जिसका वर्तमान खसरे में नामांतरण पश्चात नया खसरा नं.151/16 हो गया है वह संपत्ति बैंक ऑफ इंडिया में ऋण की प्रतिभूति के तौर पर बंधक रखी जा रही है, जिस बावत् किसी व्यक्ति शासकीय अशासकीय संस्था, बैंक या अन्य कोई भी जो इस संपत्ति पर अपन दावा या हक रखता हो इस प्रकाशन से 07 दिवस की समयावधि के दौरान अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के दर्ज करा सकता है। तत् पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति या दावा मान्य नहीं होगी। जबलपुर दिनांक 21.03.2026 भवदीय-

राजकुमार परोहा एड.
म.प्र. हाईकोर्ट जबलपुर
मो.- 9893035077, 8878538598
3954 SAKET

पश्चिम मध्य रेल

वाणिज्य विभाग

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।

Category : पार्किंग, **Catalogue No. :** JBP-Parking-26A, **Lot No. :** PARKING-JBP-PHA-MX-60-25-3(Parking - Mixed), **Assets Details :** पथरिया स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षों के लिए, **Auction Start:** 26.03.2026 12:30 hrs, **Auction End :** 26.03.2026 13:00 hrs, Category : पार्किंग, **Catalogue No. :** JBP-Parking-26A, **Lot No. :** PARKING-JBP-KMZ-MX-64-26-1(Parking - Mixed), **Assets Details :** कटनी मुड़वारा स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल पांच वर्षों के लिए, **Auction Start:** 26.03.2026 12:30 hrs., **Auction End :** 26.03.2026 13:10 hrs, संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

हस्ता.
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री पुरूषोत्तम लाल लोधी पिता दसई लाल लोधी निवासी ग्राम परतला, पडवार जिला जबलपुर के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि, मेरे पक्षकार से नितिन कुमार मिश्रा पिता श्री लखन लाल मिश्रा निवासी वार्ड नं. 11, ग्राम जमुनिया, बरेला, जबलपुर ने उधार दी राशि रूपये चार लाख (4,00,000) का कबुलियतनामा करवाने के बहाने से रजिस्ट्रार कार्यालय जबलपुर ले जाकर धोखे से छल कपट व बेमानी करके मेरे पक्षकार की पैत्रिक कृषि भूमि न.ब. 256/206, रा.नि.म. बरेला, पटवारी हल्का न. 55, नया 85, खसरा न. 597/2 (विक्रित रकबा 0.23) एवं 597/1 (विक्रित रकबा 0.23) ग्राम परतला तहसील जिला जबलपुर कुल रकबा 0.46 हेक्टे. है ख.नं. 597/1 की ऋण पुस्तिका क्र. 25005287092 व यूनिक आई.डी. 8142J5DD43C1H0 एवं ख.न. 597/2 की ऋण पुस्तिका क्रमांक 25005480344 व यूनिक आई.डी. 8142J5DD43C1H0 को 8,00,000/- में नितिन मिश्रा ने अपने हक में विक्रयपत्र करवा लिया है बिना कब्जा लिए। फलस्वरूप मेरे पक्षकार ने उक्त विक्रित कृषि भूमि की रजिस्ट्री दिनांक 13.10.25 को शून्य करने के लिए कार्यवाही जारी कर दी है एवं नामांतरण भी कैंसिल कराया जा रहा है मेरे पक्षकार को सूत्रों के माध्यम से पता चला है कि, उक्त कृषि भूमि को नितिन मिश्रा विक्रय करने को प्रयास कर रहे है जबकि मेरे पक्षकार के साथ में धोखा धड़ी कर छल से कपट कर उक्त कृषि भूमि को अपने नाम करवा लिया गया है मगर मेरे पक्षकार के उक्त कृषि भूमि से संबंधित सारे अधिकार धारा 5 मध्यप्रदेश समाज के कमजोर वर्गों के कृषि भूमि धारकों का उधार देने वालों की भूमि हड़पने संबंधी कुचक्रों से परित्रण तथा मुक्ति अधिनियम, 1976 के अधीन सुरक्षित है। अतः उक्त संपत्ति के संबंध कोई भी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान बैंक, सरकारी गैर सरकारी संस्था, व अन्य किसी भी प्रकार कर संव्यवहार उक्त संपत्ति को खरीदने, बेचने या गिरवी रखने या अन्य किसी तरह का अनुबंध अगर नितिन मिश्रा पिता लखनलाल मिश्रा, जमुनिया बरेला वालो से करता है तो वो स्वयं जिम्मेदार होगा और मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा विविध प्रकरण लंबित है व भविष्य में दांडिक कार्यवाही में आवश्यक पक्षकार होगा एवं समस्त हर्जे खर्चे के लिए वो स्वयं जिम्मेदार होगा। जबलपुर दिनांक 21.03.2026

भवदीय-
विवेक मौर्य एड.
सीट नं. 76, गोल्डन जुबली हॉल
हाईकोर्ट परिसर जबलपुर- 9827556568
3954 Saket

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

PSI एसेट्स की निवारक रखरखाव गतिविधियों के लिए ई-निविदा

निविदा सूचना सं.: TRD_NAG_Tender_25-26_28R **दिनांक:** 13.03.2026
कार्य का नाम: कलमना PSI के PSI एसेट्स की 24 महीनों की अवधि के लिए एवं कलमना के अधीन तिरोड़ी-तुमसर रोड सेक्शन में 18 महीनों के लिए निवारक रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग।
निविदा मूल्य: ₹ 3,25,10,382/-
बयाना राशि: ₹ 3,12,600/-
ऑफर ऑन-लाइन जमा करने की अंतिम तिथि: दि. **04.04.2026** के **11:00** बजे तक।
उपरोक्त निविदा की अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

मंडल विद्युत अभियंता - टीआरडी,
द.पू.म. रेलवे, नागपुर
AIM/82-359
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य इंजीनियर/ गति शक्ति यूनिट, उ.म.रे, ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (टू-पैकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) पद्धति से आमंत्रित की जाती हैं :-

कार्य का विवरणः "उत्तर मध्य रेलवे के ग्वालियर-भिंड सेक्शन के बीच किमी 1283/5-6 पर एलसी संख्या 40, झांसी-ग्वालियर सेक्शन के बीच किमी 1188/12-14 पर एलसी संख्या 398 और झांसी-बीना सेक्शन के बीच किमी 993/30-32 पर एलसी संख्या 315 के स्थान पर 02 लेन आरओबी (एप्रोच सहित अंत से अंत तक) का निर्माण के सम्बन्ध में"।

ई-टेंडर क्रमांकः DYCEGSUGWL0726
अनुमानित लागतः ₹ 119.60 Crore | **निविदा बंद होने की तिथिः** 14.04.2026
कार्य पूरा करने की अवधिः 18 माह

• ऑनलाइन निविदा दिनांक 14.04.2026 को 11:00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। • पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** देखें। 613/26(DG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
अंचल दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रयागराज 19-ए, द्वारिका भवन, प्रथम तल, टैगोर टाउन, प्रयागराज

ई- नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए सूचना

"परिशिष्ट"- IV-ए [नियम 8(6) एवं नियम 9 (1) के परंतुक को देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं नियम 9 (1) के परंतुक के तहत ई- नीलामी बिक्री सूचना

एतत्द्वारा **जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता** को विशेष रुप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित **अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभारयुक्त सम्पत्ति** को, जिसे **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जे** में लिया गया है, को बैंक के निम्नलिखित खाते के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। **ऋणी/जमानतकर्ता/प्रतिभूति आस्ति/देय/ आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (इएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है-**

क्र0 सं0	ऋणियों/ जमानतकर्ताओं का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण	कुल बकाया राशि	ई- नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (रचनात्मक/ भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण करने के लिए तिथि एवं समय
1.	**ऋणीः- मेसर्स सुषमा एजेंसी पार्टनर- श्रीमती सुषमा गुप्ता और श्रीमती सोनी गुप्ता पंजीकृत कार्यालयः** 2/4/2सी, फाफामऊ बाई पास, इलाहाबाद-211013 **गोदाम का पताः** ए आर एम राइस मिल, ग्राम भगौतीपुर उर्फ खुटहना, ब्लॉक होलागढ़, आरबीएस कोल्ड स्टोरेज के सामने, तहसील सोरांव, जिलाः इलाहाबाद-212502 **शाखा कार्यालयः** दुकान संख्या जी 3, प्रभु ब्रम्हा अपार्टमेंट, नेल्को सोसाइटी त्रिमूर्ति नगर, नागपुर-440022. **श्रीमती. सुषमा गुप्ता** पत्नी पवन कुमार गुप्ता पार्टनरः मेसर्स सुषमा एजेंसी पंजीकृत कार्यालय 2/4/2सी, फाफामऊ बाई पास, इलाहाबाद-211013 **श्रीमती सोनी गुप्ता** पत्नी गोपेश कुमार गुप्ता पार्टनरः मेसर्स सुषमा एजेंसी पंजीकृत कार्यालयः 2/4/2सी, फाफामऊ बाई पास, इलाहाबाद-211013 **श्री महेंद्र केसरवानी** पुत्र श्री बद्री प्रसाद केशरवानी जमानतकर्ता-मेसर्स सुषमा एजेंसी निवासी 14, पुरानी गली, फाफामऊ, इलाहाबाद-211013 **श्री पवन कुमार गुप्ता** पुत्र स्वर्गीय सुंदर लाल गुप्ता जमानतकर्ता- मेसर्स सुषमा एजेंसी निवासी 534 A, चक रघुनाथ नैनी, इलाहाबाद-211008 **श्री गोपेश गुप्ता** पुत्र पवन गुप्ता जमानतकर्ता- मेसर्स सुषमा एजेंसी निवासी 534 , चक रघुनाथ नैनी, इलाहाबाद-211008	सभी सम्पत्ति एवं उसका भाग, भूमि आराजी खसरा सं0 329/1, ग्राम-खुशरवाह, पी. एच. कटिरा 46, तहसील जयसिंह नगर, जिला-शहडोल, मध्य प्रदेश में श्री पवन कुमार गुप्ता के स्वामित्व में स्थित है। पैमाइशी क्षेत्रफल 2.023 हेक्टेयर,(2,17,800 वर्ग फिट) **चौहद्दीः- उत्तर-**गोपलका की भूमि, **दक्षिण-**मल्हेश प्रताप सिंह की भूमि, **पूरब-**सड़क, **पश्चिम-**रामधनी कोल एवं गोपलका की भूमि।	**दिनांक 10.12.2025 रु. 23,11,17,922.60** + ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक-11.12.2025 से प्रभावी	**दिनांकः 10.04.2026 समयः 02:00 PM से 6:00 PM**	**रु.3,17,56,000/- (आरक्षित मूल्य)** **रु.31,75,600 (अग्रिम धनराशि)** **रु.1,00,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)**	**सांकेतिक**	**23.03.2026 से 09.04.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM**
			माननीय डीआरटी, प्रयागराज के समक्ष ऋणी द्वारा एस. ए. दायर किया गया लेकिन अभी तक कोई स्थगन/निरोधक आदेश नहीं दिया गया।				

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक ऑफ बड़ौदा की वेबसाईट का अवलोकन करें:- **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं ऑनलाइन ऑक्सन पोर्टल Baanknet.com बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0- **9451845259, 9909229922** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 20.03.2026 | स्थानः प्रयागराज | प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा
KAMDHENU AD